Civil Services (Main)
Examination- 2025

**वियोज्य DETACHABLE**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र II)

# GEOGRAPHY (Paper II)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1.(a) आपको दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than 30 words for each entry : 2×10=20

(i) रुशिकुल्या नदी
Rushikulya River

(ii) दातार हिल
Datar Hill

(iii) किकरुमा
Kikruma

(iv) चोरीतंद तिलैया
Choritand Tillaya

(v) ब्यालालू
Byalalu


(vi) नेय्यार
Neyyar

(vii) उत्तरलाई
Uttarlai

(viii) श्री विजयपुरम
Sri Vijayapuram

(ix) धारवास
Dharwas

(x) गीताबीतान
Gitabitan


64° 68° 72° 76° 80° 84° 88° 92° 96° 100°
36° 32° 28° 24° 20° 16° 12° 8° 4°
72° 76° 80° 84° 88° 92° 96°
Scale 1:14,000,000
Kilometres 100 0 100 200 300 400 500 Kilometres

1.(b) करेवा के स्थान और भौतिक निर्माण का उल्लेख करते हुए, उनके आर्थिक महत्व को रेखांकित कीजिए।

Referring to the location and physical formation of karewas, highlight their economic significance. 10

1.(c) हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र भारत के हिमालयी क्षेत्र में फसल प्रणाली और कृषि गतिविधियों को कैसे नियंत्रित करता है ? चर्चा कीजिए।

How does Himalayan ecosystem regulate the cropping pattern and agricultural activities in Himalayan region of India ? Discuss. 10

1.(d) भारत में समुद्री पर्यटन और इसके बुनियादी ढांचे पर एक आलोचनात्मक तार्किक निबन्ध लिखिए।

Write a critically argued essay on nautical tourism and its infrastructure in India. 10

2.(a) भारत के औषधीय उद्योग के विकास में योगदान करने वाले कारकों की व्याख्या विशेषत: भारत के पश्चिम क्षेत्र में इसके संकेन्द्रण के संदर्भ में कीजिए।

Explain the factors which contribute to the growth of India's pharmaceutical industry with specific reference to its concentration in western region of India. 20

2.(b) भारत में प्रवाल भित्तियाँ अपने गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र के संबंध में सबसे महत्वपूर्ण क्यों हैं ? अन्वेषण कीजिए।

Why are coral reefs in India most important with respect to its dynamic ecosystem ? Explore. 15

2.(c) भारत का कृषि क्षेत्र किस प्रकार से देश के विभिन्न क्षेत्रों में समकालिक भौतिक और राजनीतिक-आर्थिक परिवर्तनों का सामना करता है ? स्पष्ट कीजिए।

How does the agricultural sector of India confront with the contemporary physical and politico-economic changes in the different regions of the country ? Elucidate. 15

3.(a) भारत में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के जनसंख्या वितरण का प्रारूप भिन्न क्यों है ? इनके सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की तुलना उदाहरण सहित कीजिए।

Why is the pattern of population distribution of scheduled castes and scheduled tribes different in India ? Compare their socio-economic problems with examples. 20

3.(b) भारत के पूर्वी घाट क्षेत्र में भू-उपयोग की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। क्षेत्र में भू-उपयोग पद्धति के लिए तात्कालिक खतरे क्या हैं ?

Highlight the characteristics of land utilisation in Eastern Ghats region of India. What are the recent threats to land utilisation method in the region ? 15

3.(c) भारत में डेयरी क्षेत्र की चुनौतियां क्या हैं ? गोजातीय जनसंख्या के योगदान का वर्णन कीजिए ।

What are the challenges of dairy sector in India ? Describe the contribution of bovine population. 15

4.(a) ''भारत में सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य क्षेत्रीय चेतना का परिणाम है जो अंतर-राज्य विवाद पैदा करता है ।'' क्षेत्र विशेष उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए ।

"Socio-political landscape in India is a result of regional consciousness creating inter-state disputes." Discuss with region specific examples. 20

4.(b) भारत में कुटीर उद्योग भारतीय सामाजिक-आर्थिक संरचना का अभिन्न अंग क्यों हैं ? ग्रामीण भारत में विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगों के संदर्भ में इसका आकलन कीजिए ।

Why cottage industries in India are an integral part of Indian socio-economic structure ? Assess this with reference to different types of cottage industries in rural India. 15

4.(c) ''भारत में ग्रामीण बस्तियों में भौतिक और सांस्कृतिक दोनों कारकों के कारण अत्यधिक विविधता है ।'' उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए ।

"The rural settlements in India are highly diversified due to both physical and cultural factors." Justify the statement with examples. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5.(a) ग्रामीण-नगरीय उपान्त को कैसे निरूपित किया जा सकता है ? भारत से उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

How can rural-urban fringe be delineated ? Explain with suitable examples from India. 10

5.(b) ''भारत में धार्मिक समूहों का स्थानिक वितरण कोई विशिष्ट प्रारूप नहीं दर्शाता है ।'' तर्कपूर्ण उदाहरणों सहित समझाइए ।

"Spatial distribution of religious groups in India does not show any specific pattern." Illustrate with arguments. 10

5.(c) ''योजना के लिए जलोत्सारण क्षेत्र (वाटरशेड) सबसे उपयुक्त स्थानिक इकाई है ।'' टिप्पणी कीजिए ।

"Watershed is the most appropriate spatial unit for planning." Comment. 10

5.(d) क्या पूर्वोत्तर भारत एक भू-राजनीतिक या भू-सांस्कृतिक क्षेत्र है ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

Is North East India a geo-political or geo-cultural region ? Justify your answer. 10

5.(e) मखाना की खेती के लिए आवश्यक परिस्थितियों की चर्चा कीजिए तथा भारत में इसके उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the necessary conditions for the cultivation of fox nuts and describe the areas of its production in India. 10

6.(a) 'नगरीय उष्मा द्वीप' की परिघटना के कारणों का वर्णन कीजिए । भारत में इस परिघटना से निपटने के लिए प्रभावी उपाय क्या हैं ?

Describe the causes of the phenomenon of 'urban heat island'. What are the effective measures to deal with this phenomenon in India ? 20

6.(b) भारत की परिवहन और संचार संपर्क प्रणाली के संदर्भ में सागरमाला परियोजना की समालोचनात्मक चर्चा कीजिए ।

With reference to the transport and communication network of India, critically discuss the Sagarmala project. 15

6.(c) भारत में जनसंख्या के लिंग-अनुपात की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं ? देश में सामान्य लिंग अनुपात पर बाल-लिंग अनुपात के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए ।

What are the key features of sex-ratio of population in India ? Evaluate the impacts of child sex-ratio on general sex-ratio in the country. 15

7.(a) खाद्य उत्पादन, वितरण और उपलब्धता के विशिष्ट संदर्भ में भारत के सूखे में योगदान करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए । क्या भारतीय कृषि नीतियाँ इस मुद्दे का समाधान कर सकती हैं ?

Explain the factors that contribute to droughts in India with specific reference to food production, distribution and availability. Can Indian agricultural policies resolve the issue ? 20

7.(b) भारत में मरुस्थलीकरण से होने वाले भू-क्षरण के क्या कारण और प्रभाव हैं ? विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों के संदर्भ में जांच कीजिए ।

What are the causes and consequences of land degradation due to desertification in India ? Examine with reference to various regional issues. 15

7.(c) भारत के नीली अर्थव्यवस्था में कदम बढ़ाने के पहल की वैधता की जांच कीजिए। देश के विकास में इस अर्थव्यवस्था के प्रभावों की विस्तार से व्याख्या कीजिए।

Examine the validity of Blue Economy initiatives of India. Elaborate the impacts of this economy on country's development. 15

8.(a) हरित निर्माणकला (ग्रीन आर्किटेक्चर) को परिभाषित करते हुए, भारत में जलवायु परिवर्तन के प्रत्युत्तर में इसके सिद्धान्तों और चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

While defining the green architecture, discuss its principles and challenges in response to climate change in India. 20

8.(b) विशेष उदाहरणों सहित, यह आकलन कीजिए कि भारत में प्रादेशिक नियोजन द्वीपीय प्रदेशों के सतत विकास के लिए क्यों महत्वपूर्ण है।

With reference to typical examples, assess why regional planning in India is important for island territories for their sustainable development. 15

8.(c) भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के संदर्भ में, संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

With reference to international boundaries of India, discuss the related issues, giving suitable examples. 15

---